## एक नजर में

### करपात्री कल्याणी आश्रम में कल्याणी माई के समाराधना दिवस के साथ देव दीपावली का हर्षमय आयोजन

**बड़वाह ।** खेड़ी घाट स्थित करपात्री कल्याणी आश्रम की अधिष्ठात्री डॉक्टर कल्याणी चैतन्य ब्रह्मचारिणी अम्मा जी के द्वितीय समाराधना दिवस पर भक्तों ने आश्रम में पूजन अर्चन किया। करपात्री कल्याणी आश्रम के महंत सच्चिदानंद चैतन्य महादेव ने बताया की देव दीपावली को कल्याणी माई का द्वितीय समाराधना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माई के शिष्यों ने सुबह से चंद्रमौलेश्वर महादेव एवं कल्याणेश्वर महादेव का



महारूद्र अभिषेक कर चरण पादुका पूजन किया। इसके बाद संत ब्राह्मणों एवं महात्माओं के व्याख्यान हु।इस अवसर पर पंजाब से आये प्रमुख संत भी उपस्थित रहे, और ब्राह्मण भोजन के उपरांत कन्या पूजन एवं भोजन का आयोजन किया गया। शाम को सभी भक्तों ने माँ नर्मदा उत्तर तट सप्त ऋषि घाट पर दीपदान किया एवं देव दीपावली का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया। आश्रम में भोपाल इंदौर एवं मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों के अलावा हरियाणा उत्तर प्रदेश पंजाब महाराष्ट्र गुजरात छत्तीसगढ़ गुजरात उत्तराखंड से भी कल्याणी माई के शिष्य आश्रम पहुंचे।

### आग लगने से 80 लाख रुपये का नुकसान



**भीकनगांव।** स्थानीय मार्केटिंग सोसायटी में आज शाम गोदाम में रखी कपास की गठानों में आग लग गई बताया जाता है कि मैंसर्स सोभागमल फूलचंद जैन के लगभग 200 गठाने आग में जलकर स्वाहा हो गई। इसके नजदीकी अर्पित ट्रेडिंग कंपनी का जिनिंग प्रेसिंग चल रहा था जहां आग की चिंगारी निकली जिससे उनकी भी लगभग 5 गठानों की रुई जल गई। आग ने नजदीक ही रखी मेसर्स सोभागमल फूलचंद जैन की 200 गठानों को चपेट मे ले लिया। शाम 4 बजे लगी आग पर 6 बजे तक काबू पाया गया। समाचार लिखे जाने तक भी आग पूरी तरह ठंडी नहीं हो पाई है। आग से लगभग 80 लाख रुपये की गठानों का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### मिनी ट्रक और पिकअप के बीच मौत की टक्कर, दोनों वाहनों के चालकों की दर्दनाक मौत

**खरगोन।** जिले के बालसमुद में मिनी ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत मौत का टकराव साबित हुई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों वाहनों के केबिन चकनाचुर हो गए, जिसमें दबने से चालकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन चालकों को अस्पताल पहुंचाकर मार्ग पर आवाजाही सुचारु कराई। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे खरगोन- इंदौर मार्ग पर ग्राम बालसमुद के पास पेट्रोल पंप के सामने दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टमाटर व हरी सब्जियों से भरी पिकअप सामने से आ रही मिनी



ट्रक से जा टकराई। मिनी ट्रक में सात लोग सवार थे, जिनमें चालक की मौत हो गई, जबकि कुछ लोगों को गंभीर चोट आई हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हादसे में ट्रक चालक दिनेश पिता चेतराम भालसे (42) निवासी जीरभारए धरमपुरी के पोल्ट्री फार्म से खाद लेकर अपने गांव लौट रहा था। वहीं पिकअप वाहन इंदौर की ओर सब्जियां लेकर जा रही थी। इस दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीण सैफुद्दीन खान और सदर जावेद खान ने जेसीबी की मदद से मशक्कत के बाद दोनों चालकों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को निजी वाहन से कसरावद अस्पताल भेजा।

### बाईक शोरूम चोरी का पर्दाफाश, एक आरोपी से 2 लाख 40 हजार जब्त, साथी फरार

**खरगोन।** कोतवाली क्षेत्र के बिस्टान रोड़ स्थित बाईक शोरुम में हुई लाखों रुपए नकदी चोरी में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 2 लाख 40 हजार रुपए की बड़ी नकदी बरामद की है। फिलहाल साथी फरार है। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी होकर खेतिया थाने पर पूर्व में भी चोरी के प्रकरण का रिकार्ड मिला है। एसपी रविंद्र वर्मा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 28-29 अक्टूबर की दरमियानी रात बाईक शोरुम में चोरी हुई थी। इसी रिपोर्ट शोरुम संचालक विशाल भंडारी ने कोतवाली पर दर्ज कराते हुए शोरुम के सर्विस सेंटर



शटर तोड़कर शोरुम में घुसने के बाद कैश काउंटर व स्पेयर पार्ट्स के गल्ले से नगदी 4 लाख 75 हजार 402 रुपये चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम का गठन कर मौके पर बदमाशों की तलाश शुरु की गई। क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए व मुखबिरों को भी सक्रिय किया। चिन्हित संदिग्धों की तलाश के दौरान जितु पिता हरेसिंह निवासी निवाली जिला बड़वानी को हिरासत में लिया। पूछताछ में जितु ने उक्त चोरी को अपने साथी के साथ मिलकर उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया। जितू से नकदी बरामद करने के साथ ही उसके साथी की तलाश की जा रही है।

### बागोद में स्कूल में छात्र-छात्राओं से किया संवाद, अपराधों के प्रति किया जागरुक

**खरगोन।** पुलिस चौकी बागोद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागोद में ऑपरेशन मुस्कान के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चौकी प्रभारी हरिशंकर पान्टेल ने छात्रा-छात्राओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुड-टच एवं बेड टच में अंतर बताने के साथ ही महिला अपराध, साइबर अपराध जैसे वीडियो या फोटो के माध्यम से ब्लैकमेलिंग एवं उसके दुष्परिणाम, बाल विवाह, बाल अपराध, बाल एवं बंधुआ मजदूरी, दहेज प्रताड़ना, पॉक्सो एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत बालक-बालिकाओं के आचरण एवं व्यवहार से



संबंधित अपराधों के की जानकारी दी। प्रधान आरक्षक कुलदीप खेडेकर ने बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, हेल्पलाइन 1098, राष्ट्रीय महिला आयोग 7827170170 एवं एंटी ट्रैफिकिंग हेल्पलाइन 10582 की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय हे कि ऑपरेशन मुस्कान अभियान 01 से 30 नवम्बर तक जिलेभर में संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी एवं बाल सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी हैं।.

# धर्मशालाएं किसी एक परिवार नही बल्कि पूरे समाज की होती हैं : विधायक पाटीदार


नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** धर्मशाला किसी एक परिवार की ना होकर व पूरे समाज की होती है। वह समाज के सभी लोगों के काम में आती है। आप सब के सामूहिक प्रयासो से आज यह भव्य भवन बनकर तैयार हुआ है। इसे साफ स्वच्छ सुरक्षित रखना आप सब की जिम्मेदारी होगी, जिससे समाज की यह धरोहर पहचान के रूप में स्थापित रहे। उक्त विचार विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने गुरुवार को शहर के दांगी मोहल्ला क्षेत्र में नवनिर्मित धर्मशाला के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किये। विधायक निधि से बनी इस धर्मशाला लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समाजजनों ने विधायक का आभार जताते हुए उनका सम्मान किया। समारोह में विधायक ने हाल ही में महिला क्रिकेट विश्व कप में मिली जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक समय था जब लोगों की सोच थी कि बेटा ही कुल का नाम रोशन कर सकता है। लेकिन वर्तमान सरकार ने बेटियों को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ जैसी अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इसी का परिणाम है कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर रही है। लोकार्पण समारोह में दांगी समाज के वरिष्ठजनों के साथ ही जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## दाता सरकार की माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा

**सनावद।** पूज्य अवधूत संत श्री दादा गुरु महाराज जी (दाता सरकार) की निराहार माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा का चतुर्थ चरण तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्तिक पूर्णिमा (5 नवंबर) को ओंकारेश्वर से शुरू हुई इस पवित्र यात्रा में आज दूसरे दिन परिक्रमावासियों ने मोरटक्का घाट को सफलतापूर्वक पार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दाता सरकार टोकसर ग्राम की ओर प्रस्थान कर गए हैं और शाम तक दाता गुरु आश्रम में रुक सकते हैं। इससे पूर्व परिक्रमावासियों का डेरा ग्राम कोठी के समीप बिल्लोरा गांव में था, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंचे। इंदर बिरला शहर सनावद के नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने प्रस्थान से पूर्व दाता सरकार से आशीर्वाद लिया। परिक्रमा में शामिल सैकड़ों भक्तों ने मोरटक्का में माँ नर्मदा की आरती की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। ज्ञात हो कि दाता गुरु महाराज 1800 दिनों से अधिक समय से निराहार व्रत पर हैं और केवल माँ नर्मदा के जल अथवा वायु पर जीवन यापन कर रहे हैं। उनकी यह साधना विश्व रिकॉर्ड में दर्ज है। परिक्रमा के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद सिंह पटेल सहित कई गणमान्य लोग दर्शन कर चुके हैं। परिक्रमा में अब तक 1100 से अधिक पथिक पंजीकृत हो चुके हैं। यह यात्रा नर्मदा संरक्षण, प्रकृति संवर्धन और मानवता की सेवा का संदेश दे रही है।



# युगल मुनिराज का नेमावर की ओर मंगल विहार

**सनावद।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर में गत चार मास से चातुर्मासरत युगल मुनिराज मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज का बुधवार को नेमावर की ओर मंगल विहार हो गया। विहार से पूर्व आयोजित विदाई सभा में उपस्थित सभी समाजजन नम आँखों से भावांजलि अर्पित करने को विवश हो गए। सन्मति जैन काका ने बताया कि युगल मुनिराज पिछले चार माह से नगर में विराजमान होकर अपनी ओजस्वी वाणी से धर्म प्रभावना कर रहे थे। उनके सान्निध्य में निरंतर ध्यान-साधना, स्वाध्याय एवं प्रवचन का आयोजन होता रहा। प्रतिदिन सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएँ स्वाध्याय में सम्मिलित होकर जीवन को धन्य कर रहे थे। विदाई सभा का शुभारंभ श्रुति सराफ एवं वर्षा जैन ने मंगलाचरण से किया। संबोधित करते हुए मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज ने कहा, 'जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू ही नहीं होता। हमारा सौभाग्य रहा कि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज सहित 18 त्यागियों की इस पावन नगरी में हमें चार माह साधना करने का अवसर मिला। हमने जो ज्ञान की बातें आपको बताईं, उन्हें जीवन में अवश्य उतारें। आपने जिस लगन से चार माह तक प्रतिदिन स्वाध्याय किया, आशा है आगे भी यह क्रम अनवरत जारी रहेगा।' मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी में कहा, 'साधु नदी में बहता हुआ जल है, जो निरंतर प्रवाहित होता रहता है। सनावद में किया गया यह चातुर्मास हमारे जीवन का अब तक का सबसे सार्थक एवं यादगार चातुर्मास रहा। साधु तो केवल आपके मन के मैल को धोने निमित्त मात्र आते हैं। आपने हमसे जो ज्ञान अर्जित किया, उसे निरंतर आगे भी भुनाते रहें।' इस अवसर पर मंजुला भूच, राहुल स्वास्तिक, पवन गोधा, रेखा राकेश जैन, प्रशांत जैन सहित अनेक समाजजनों ने नम आँखों से युगल मुनिराज के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। सभा में सनावद जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएँ उपस्थित रहे। युगल मुनिराज अब नेमावर की पावन धरा पर पाद-स्पर्श करेंगे, जहाँ उनका आगे का विहार कार्यक्रम रहेगा।



# बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**खरगोन।** जिले में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी तथा जनसहास संस्था सहित विभिन्न विभागों का समन्वय रहा। अभियान के तहत जिले के चिन्हित हॉट स्पॉट जैसे बस स्टेण्ड, मेला ग्राउण्ड, बावड़ी बस स्टेण्ड, गायत्री मंदिर, राधावल्लभ मार्केट



एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 76 के अनुसार किसी भी बालक से भीख मंगवाने के उद्देश्य से उसे लाने वाले व्यक्ति को 5 वर्ष का कारावास एवं 01 लाख रुपये के दण्ड का प्रावधान है। इस कानूनी जानकारी से जनसामान्य को अवगत कराया गया। साथ ही बाल भिक्षावृत्ति करते पाए जाने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में भी प्रचार-प्रसार किया गया।

# ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत कसरावद पुलिस ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**कसरावद निप्र।** म.प्र. पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा संचालित विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियान (दिनांक 01.11.25 से 30.11.25 तक) प्रदेशभर में नाबालिग बालकों एवं बालिकाओं की सुरक्षा और गुमशुदगी से संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही कर दस्ययाबी हेतु चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) श्री अनुराग जी द्वारा नाबालिग बालकों और बालिकाओं को दस्तयाब करने एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक जिला खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रा.) श्रीमति शकुंतला रुहल के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों को ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान में नाबालिग बालकों और बालिकाओं को दस्तयाब करने एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। प्राप्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी मंडलेश्वर सुश्री श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक श्री राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक कन्या छात्रावास कसरावद एवं भीलगांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिका, अन्य स्टॉफ एवं लगभग 160-170 छात्राऐं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच' और संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि यदि वे किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या असुरक्षित स्थिति का सामना करते हैं, तो उन्हें तत्काल अपने नजदीकी थाना या संबंधित अधिकारी को सूचित करना चाहिए साथ ही पुलिस हेल्पलाईन 112, सायबर हेल्पलाईन 1930, महिला हेल्पलाईन 1090 एवं चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 के उपयोग के संबंध में बताया गया बाद इस प्रकार के अपराधों से बचने के लिए बच्चों को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर नियंत्रण पाना और गुमशुदा नाबालिग बालकों और बालिकाओं को समय पर सुरक्षित रूप से दस्तयाब करना है। पुलिस विभाग द्वारा इस अभियान के माध्यम से समाज में बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की योजना है, ताकि हर बच्चा सुरक्षित रहे और अपराधों से बच सके। पुलिस विभाग द्वारा 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत कसरावद में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस विभाग का यह प्रयास न केवल बच्चों को कानूनी अधिकारों के प्रति सजग बनाता है, बल्कि समाज में बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए एक ठोस कदम है।



# राष्ट्रीय पिथियन गेम्स में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी निमाड़ की प्रतिभाएं




**कसरावद निप्र।** भारतीय खेलो एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले पिथियन खेलो की दूसरी राष्ट्रीय स्पर्धा कर्नाटक के बेंगलुरु में 7 से 9 नवम्बर 2025 तक खेली जाएगी। इसमे निमाड़ की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच मिलेगा। जहाँ देशभर से चुनिंदा प्रतिभाएँ कला, संस्कृति, संगीत, नृत्य और पारंपरिक खेलों के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इसी क्रम में मध्यप्रदेश पिथियन के सचिव एवं विद्यालय के शिक्षक सपन शर्मा ने बताया कि श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित पेरामाउंट एकेडमी, कसरावद ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता और बहुमुखी प्रतिभा से क्षेत्र का मान बढ़ाया है। लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय स्तर पर निमाड़ को गौरवांवित किया है। पेरमाउंट के 6 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं 2 शिक्षकों का चयन प्रतिष्ठित द्वितीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक पिथियन गेम्स 2025 के लिए हुआ है। ये सभी प्रतिभागी अब मध्यप्रदेश की टीम से राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर राज्य और विद्यालय दोनों का गौरव बढ़ाएँगे। विद्यालय के मोक्षराज वर्मा और काश्मी पाटीदार संगीत में,अहेम मुकाती - आर्म रेस्लिंग में, अर्पण पाटीदार - काव्य पाठ में, स्वर्ण ठाकुर संगीत में ढोलक वादक, राघव कुशवाह - संगीत में तबला पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी क्रम में शिक्षक वर्ग से ऋषि व्यास - संगीत में एवं शिवानी कुशवाह - नृत्य में राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा — 'पैरामाउंट अकैडमी सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के साथ-साथ विद्यालय सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहा है, और आज हमारे विद्यार्थी न केवल कक्षा में, बल्कि राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह सम्पूर्ण निमाड़ क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।' विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और अभिभावकों ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि पैरामाउंट के ये युवा प्रतिभागी राष्ट्रीय मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएँगे और मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करेंगे।

एक नजर में | **आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें**

# पड़ोसी देशों में अराजकता मातृभूमि के प्रति सम्मान की कमी का परिणाम - सांसद पटेल

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, मालवा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय शोध पद्धति की अवधारणा' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे युवाओं में राष्ट्रप्रेम, मातृभूमि के प्रति सम्मान और देश की मिट्टी से जुड़ाव की भावना उत्पन्न करें। उन्होंने कहा कि नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में युवाओं को देशप्रेम और माटी के प्रति सम्मान नहीं सिखाया गया, जिसके कारण वहां अराजकता पनपी है। सांसद पटेल ने उपस्थित कुलगुरुओं, प्राचार्यों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने विचार, ज्ञान और अनुभव युवाओं के साथ साझा करें ताकि उनका चरित्र निर्माण हो सके और वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नई शिक्षा नीति में भारत की सांस्कृतिक धरोहर और गौरवशाली इतिहास को सम्मिलित कर नए भारत की नींव रखी है। शिक्षकों का दायित्व है कि वे 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप ऐसी पीढ़ी तैयार करें जो राष्ट्र, समाज और मातृभूमि का सम्मान करे। कुलगुरु प्रो. मोहन लाल कोरी ने स्वागत भाषण में कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना हमारे लिए उपलब्धि के साथ चुनौती भी है और सामूहिक प्रयासों से संसाधन व सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। विशेष अतिथि ओम प्रकाश शर्मा (शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली) ने कहा कि नई शिक्षा नीति राष्ट्र, छात्र और संस्कृति के मूल्यों पर आधारित है, और इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए न्यास देशभर में कार्य कर रहा है। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में डॉ. आशीष दवे (गुजरात विश्वविद्यालय) ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कुल सचिव डॉ. मनोहर दास सोमानी ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय शोध पद्धति, राष्ट्र और राष्ट्रभूमि की अवधारणा पर चर्चा की गई।

